



# गुरु नानक कॉलेज धनबाद

# साइबर अपराध के खिलाफ आवाज

दिनांक 24 फरवरी 2025 को गुरु नानक कॉलेज धनबाद के भूदा कैंपस के रूसा सेमिनार हॉल में जिला प्रशासन एवं प्रभात खबर के संयुक्त तत्वाधान एवं गुरु नानक कॉलेज धनबाद के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के संरक्षण में साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं

शिक्षकेत्तर कर्मियों को साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । इस जागरूकता अभियान का मकसद साइबर अपराध से होने वाले नुकसान को कम करना है । कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मोबाइल आज की जरूरत है पर हम सभी को सतर्क रहकर इसका इस्तेमाल करना चाहिए। मौके पर साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने सभी को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। उन्होंने अपने संबोधन में जानकारी देते हुए लुभावने ऑफर से बचने की अपील की। धनबाद थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने कहा कि समझदारों की ना समझी से ही होता है साइबर फ्रॉड। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर, कंप्लेंट करने का तरीका, साइबर क्राइम पोर्टल के बारे में जानकारी दी और अपने-अपने इलाके में दूसरों को भी जागरूक करने की सलाह दी। मौके पर प्रभात खबर के चीफ एडिटर आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि हम सब जागरूक रहकर अपनी मेहनत की कमाई को नष्ट होने से बचा सकते हैं। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रो संजय सिन्हा द्वारा दिया गया। मौके पर कॉलेज के शिक्षक प्रोफेसर इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह, डॉ मीना मालखंडी, प्रो दीपक कुमार, प्रो संजय सिन्हा, प्रो संतोष कुमार, प्रो दलजीत सिंह, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो अभिषेक सिन्हा, शिक्षकेत्तर कर्मी सुश्री नुसरत परवीन, नरेंद्र सिंह, पंकज, रंजीत मिश्रा, संजय सिंह के साथ-साथ लगभग 70 छात्र मौजूद थे।




GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accredited Grade "B"
Organises
AWARENESS CAMPAIGN
ON
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Venue: RUSA Seminar Hall
का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिरौती


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade "B"
Organises
AWARENESS CAMPAIGN
ON
CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Venue: RUSA Seminar Hall
साइबर अपराध के खिलाफ
का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिशिंग
फिरौती




GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN
ON
In Association with
Date: 24-02-2025
Venue: RUSA Seminar
साइबर अपराध के खिलाफ
का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिशिंग
फिरौती


URU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN
ON
CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Venue: RUSA Seminar Hall
अपराध के खिलाफ
का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिशिंग
फिरौती
साइबर अपराध
में जानकारी ही बचाव
प्रभात खबर


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN
ON
CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Venue: RUSA Seminar Hall
अपराध के खिलाफ
का जन आंदोलन
पासवर्ड
साइबर अपराध
प्रभात खबर




GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN ON CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Time: 12:00 PM
Venue: RUSA Seminar Hall
साइबर अपराध के खिलाफ
प्रभात खबर का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिशिंग
फिरौती
प्रभात खबर

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN ON CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Time: 12:00 PM
Venue: RUSA Seminar Hall
साइबर अपराध के खिलाफ
प्रभात खबर का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिशिंग
फिरौती
प्रभात खबर

Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN ON CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Time: 12:00 PM
Venue: RUSA Seminar Hall

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN ON CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Time: 12:00 PM
Venue: RUSA Seminar Hall
हैकिंग


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad
NAAC Accredited Grade 'B'
Organises
AWARENESS CAMPAIGN
ON
CYBER SECURITY
In Association with
प्रभात खबर
Date: 24-02-2025
Time: 12:00 PM
Venue: RUSA Seminar Hall
प्रभात खबर का जन आंदोलन
पासवर्ड
फिशिंग
फिरौती
प्रभात खबर


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
AWARENESS CAMPAIGN
ON
CYBER SECURITY
प्रभात खबर
Venue: RUSA Seminar Hall
साइबर अपराध के खिलाफ
प्रभात खबर का जन आंदोलन
साइबर अपराध
में जानकारी ही बचाव है
जुड़िए इस आंदोलन से
फिरौती






GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 828124, India
Lat 23.782976° Long 86.448776°


AWARENESS CAMPAIGN
CYBER SECURITY
प्रभात खबर
Venue: RUSA Seminar Hall
साइबर अपराध के खिलाफ
प्रभात खबर का जन आंदोलन
साइबर अपराध
में जानकारी ही बचाव है
जुड़िए इस आंदोलन से
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India


GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 828124, India
Lat 23.783016° Long 86.448757°


GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 828124, India
Lat 23.782999° Long 86.448756°
24/02/2025 12:50 PM GMT +05:30
Google

# NEWS CLIPING



# अपना शहर

एस्ट्रो गाइड

तिथि : द्वादशी तिथि दिवा 10.05 तक उपरांत त्रयोदशी तिथि
नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दिवा 4.24 तक उपरांत श्रवण नक्षत्र
पक्ष : कृष्ण, मास- फाल्गुन, विक्रम संवत-2081, शक संवत-1946
बंगला : तारीख- 12, दिन- मंगलवार, मास- फाल्गुन, बंगाब्द- 1431.
- डॉ एनके बेरा

प्रभात खबर
धनबाद, मंगलवार 25.02.2025 | 02

धनबाद | आज सूर्यास्त 05:44 बजे | कल सूर्योदय 06:11 बजे | prabhatkhabar.com

साइबर अपराध के खिलाफ
प्रभात खबर का जन आंदोलन

आयोजन. गुरुनानक कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम में बोले डीएसपी संजीव कुमार

## सतर्कता ही साइबर अपराध से सुरक्षा की कुंजी

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी, प्राचार्य व अन्य.

संबोधित करते डीएसपी संजीव कुमार.

गुरुनानक कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम में एक्सपर्ट को सुनते विद्यार्थी.

वरीय संवाददाता, धनबाद

साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रभात खबर द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान का कारवां सोमवार को गुरुनानक कॉलेज, धनबाद पहुंचा. इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों को साइबर सुरक्षा और बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी. धनबाद पुलिस द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम में साइबर डीएसपी संजीव कुमार मुख्य अतिथि और जीएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद और धनबाद साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

इस मौके पर डीएसपी संजीव कुमार और धनबाद साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की. कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के कॉमर्स विभाग के शिक्षक प्रो संजय सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे.

**गेमिंग में हार और जीत दोनों में परेशानी** : कार्यक्रम में साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को आगाह करते हुए कहा कि इंटरनेट वर्ल्ड में सतर्कता ही सुरक्षा की कुंजी है. उन्होंने बताया युवाओं में ऑनलाइन गेम काफी लोकप्रिय है. वह इस पर काफी समय देते हैं. लेकिन वह यह नहीं जानते हैं कि ऑनलाइन गेम साइबर अपराधियों का मायाजाल है. इसमें हारे, तो भी परेशानी है और जीते, तो भी परेशानी है. हारने की सूरत में वह एक बड़ी राशि गवां देते हैं. वहीं अगर वह कहीं जीत जाते हैं, तो जो पैसा उन्हें मिलता है, वह साइबर अपराधियों की होती है. बैंक अकाउंट में यह पैसा आते ही अकाउंट फ्रीज हो जाता है. साइबर डीएसपी ने इसके साथ ही विद्यार्थियों को यह भी जानकारी दी कि अगर वह साइबर अपराध के शिकार हो जायें, तो क्या करें. उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत के लिए फौरन साइबर अपराध के लिए टॉल फ्री 1930 पर कॉल करें. इससे लाभ यह होगा कि चंद मिनटों में कार्रवाई शुरू हो जायेगी. गबन की राशि तुरंत ब्लॉक कर दी जायेगी. या फिर तुरंत ही इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज करा दें. इसके बाद अपने शहर के साइबर थाना में इसकी शिकायत दर्ज करा दें.

### समझदारों की नासमझी से ही होता है साइबर फ्रॉड

धनबाद साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधियों की चालाक रणनीतियों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि समझदार लोग ही अपनी नासमझी की वजह से साइबर फ्रॉड के सबसे अधिक शिकार होते हैं. ऐसे लोग साइबर अपराधियों के सबसे बड़े जाल 'डर या लालच' में आसानी से फंस जाते हैं. उन्होंने उदाहरण के साथ बताया कि कैसे पढ़े लिखे लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो कर करोड़ों रुपये गवां चुके हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को अनजान लिंक, अज्ञात कॉल, फर्जी ईमेल और डिजिटल निमंत्रण कार्ड डाउनलोड करने से बचने की सलाह दी.

### बच्चों में साइबर सुरक्षा को ले जागरूकता जरूरी

गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने प्रभात खबर द्वारा चलाये जा रहे इस जन जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में साइबर अपराधियों के निशाने पर हर कोई है. थोड़ी-सी लापरवाही किसी को भी साइबर ठगी का शिकार बना सकती है. इसलिए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देना बेहद जरूरी है.

### अभियान का उद्देश्य और भविष्य की योजना

कार्यक्रम के दौरान प्रभात खबर के वरीय संपादक जीवेश रंजन सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल का मकसद किशोरों और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है. उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सतर्क और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाना बेहद आवश्यक है.

prabhatkhabar.com पर संबंधित खबर देखने के लिए स्कैन करें

### साइबर अपराध के तीन माध्यमों से बचने की दी गयी सलाह

- **विशिंग** : यह साइबर अपराध का आसान तरीका है, जिसमें फ्रॉड करने वाले ऐसे फोन नंबर का इस्तेमाल करते हैं जिसका लोकल एरिया कोड हो. ऐसे फोन नंबर किसी कंपनी या सरकारी एजेंसी के फोन कोड से मिलते-जुलते हैं. टेक्स्ट मैसेज के सहारे अपराध को अंजाम दिया जाता है. मैसेज में बताया जाता है कि बैंक, बिजनेस या सरकारी एजेंसी की तरफ से पूछताछ की जा रही है.
- **फिशिंग** : यह ऐसा तरीका है, जिसमें साइबर अपराधी ई-मेल या लिंक का सहारा लेते हैं. इसमें मैलवेयर जुड़ा होता है. इस लिंक पर क्लिक करते ही आपकी सारी जानकारी फ्रॉड करने वाले के पास चली जाती है. इससे बचने का आसान तरीका है कि संदिग्ध ई-मेल का एड्रेस ठीक से चेक करें. ऐसी मेल में स्पेलिंग की कुछ गलतियां होती हैं, जिसे पकड़ने की जरूरत होती है.
- **स्मैशिंग** : यह एक तरह से पहचान चोरी का मामला होता है. इसमें साइबर अपराधी या लिंक के माध्यम से आपके मोबाइल से कनेक्ट हो जाते हैं और आपकी निजी जानकारी चुरा लेते हैं. इससे बचाव का एक मात्र तरीका है कि किसी से फोन पर ओटीपी साझा नहीं करें. या अंजान लिंक को नहीं खोलें.